भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 174*
(11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता

***174. डॉ. राजीव भारद्वाज:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023-24 में ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से कितनी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्राप्त हुई और उनका ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त परियोजनाओं के लिए हिमाचल प्रदेश को आवंटित धनराशि का जिलावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 11.03.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 174* के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023-24 में ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा कोई परियोजना वित्तपोषित नहीं की गई है।

बजटीय आवंटन के माध्यम से 2023-24 के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य में पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

घटक	**स्वीकृत**		
	सड़क कार्यों की संख्या	**सड़क लंबाई (कि.मी. में)**	**पुलों की संख्यास**
पीएमजीएसवाई-III	256	2,683	22

उपरोक्त स्वीकृत परियोजनाओं का जिलावार विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रमांक.	**जिलों का नाम**	**स्वीकृत**		
		सड़क कार्यों की संख्या	**सड़क लंबाई (कि.मी. में)**	**पुलों की संख्याी**
1	बिलासपुर	19	185	0
2	चंबा	17	167	1
3	हमीरपुर	21	178	0
4	कांगड़ा	55	502	5
5	कुल्लू	10	103	1
6	लाहौल और स्पीति	7	64	0
7	मंडी	23	322	0
8	शिमला	46	549	0
9	सिरमौर	12	163	0
10	सोलन	25	291	4
11	ऊना	19	159	11
कुल		**254**	**2,683**	**22**

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को धनराशि जारी की जाती है। राज्य सरकारें प्राप्त धनराशि को अपने राज्यांश के साथ जिलों को आवंटित करती हैं।

****